?the banner of democracy is held high. Today the world is wanting to know what is happening in India. It is up to all the leaders to think of all these things. Ours is a country where democracy has flourished. If we have got our banner high, it is the contribution of both the Government and the Opposition. I want that we must keep up this tradition. We must keep ourselves in the front as the largest democracy and uphold higher values so that in the world history our name can go up. We have done this to some extent. We have to view the entire political scene. That is why we must have a better understanding, we must think of the social relevance,- the circumstantial facts, and we must think of the healthy growth of the political life in the context of the prosperity of the nation.

With these words, I would appeal to Mr. Jha that though he has brought a Bill On a very laudable subject, which is of utmost political importance, but this Constitution (Amendment) Bill does not contain all provisions. It does not provide the powers and methedology. So, why not bring another Bill if you are so sincere?

With these words, I would appeal to him that he may withdraw the Bill.

REFERENCE TO THE ALLEGED ARREST OF SHRI ERA SEZHIYAN —(Contd.)

SHRI R. RAMAKRISHNAN (Tamil Nadu): Sir, I have a small submission to make. This morning a question had been raised about the alleged arrest of our Member, Shri Era Sezhiyan. I rang up Madras to find out the position. He was not arrested. He was only taken aside and let off. There was no arrest or detention. Anyway, a communication should be coming to the Rajya SabhlT'Secreta-riat. It is for record.

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: (Orissa): That is enough for a Member of the Rajya Sabha. It should be a matter of shame for the country, whether the Central or the State Government.

SHRI R. RAMAKRISHNAN: But he has not been arrested.

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: Whatever it is.

SHRI R. RAMAKRISHNAN: A communication will follow.

SHRI "HAREKRUSHNA MALLICK: My name is there for speaking on the Bill. '

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): Mr. Mallick, I will call you afterwards.

THE CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1979.

(to amend articles 101 and 190) — Contd.

श्री लाडली मोहन निगम (मध्य प्रदेश) : मोहतरिम सदर साहब, यहां झा साहब का जो विधेयक है असल में मैं उस की आत्मा के साथ हूं और इसमें मैं मानता हूं कि कुछ तब्दीली की गुंजायश हो सकती है और हम मानते है कि बिल बहस के बाद यहीं का यहीं रह जायगा, लेकिन बहरहाल यहां पर जो बातें कही ज ती हैं और साहू जी जैसा कह रहे थे, उन बातों से कुछ जनमत तो बनता ही है। असल में केवल दो ही मुद्दे होते है लोगों को अपने पाप को छिपाने के लिये, इस दल बदल के लिये। हर पढ़ा-लिखा इंसान जिसको कुछ राजनीतिक स्वार्थ है वह यही बतलाता हैं कि ऐसा न होने से हिन्दुस्तान में टूट हो जायगी, जमहूरियत को खतरा हैं, मुल्क टुकड़े-टुकड़े हो जायगा, क्षेत्रीय पार्टियां बढ़ रही हैं, वगैरह वगैरह। तो मैं एक ही बात कहना चाहता हूं कि आप चाहे कितना ही बड़ा कानून क्यों न बना लें जब तक

[श्री लाडली मोहन निगम]

हिन्दुस्तान में सूबे सूबे के बीच में आर्थिक विषमता बनी रहेगी जब तक सूबाई इलाकों का शोषण, उनका कुदरती और इंसानी दोनों तरीकों का शोषण, बाहर की ताकतों द्वारा होता रहेगा, यह जलन तो बनी रहेगी। आप, सदर साहब, जानते हैं कि दो सगे भाइयों में भी एक दूसरे को बढ़ोत्तरी देख कर जलन होती है। इस लिये हम को इस की बुनियाद में जाना चाहिए कि आखिर क्यों यह मामला टल रहा है। असली सवाल यह है कि आज एक सूबा महसूस कर रहा है कि हमारा वजूद ही खतरे में पड़ गया है और इस मामले में जब सियासत करने वालों के मन में यह बात घर कर गयी कि हमारा वजूद खतरे में है तो लाजमी है कि उसका संबंध जिस दल से होगा उस का असर उस पर जरूर पड़ेगा। साहू साहब, शायद आप को मालूम नहीं कि हिन्दुस्तान में जब जम्हूरियत पूरी तरह से परवान नहीं थी, गुलामी का जमाना था, जब हिन्दुस्तान में इंडिया ऐक्ट, 1935 के तहत पहली मर्तबा आम इंतखाब सीमित दायरे में, सीमित लोगों द्वारा हुए, उस समय से यह बात चल रही है। आप को याद है न? 1936 में आपने सियासी मंसूबे और हविस को पूरा करने के लिये हिन्दुस्तान की उस जमाने की अजीम पार्टी, कांग्रेस, जो मुल्क की पार्टी अपने को कहती थी महज इसलिये कि उसको तात्कालिक स्वार्थ पूरा करना है, उसने मुस्लिम लीग के साथ मिल कर चुनाव लड़ा और चुनाव जीतने के बाद जब सत्ता में, हुकूमत में साझेदारी का सवाल आया तो फिर हमारी लार टपक गयी कि हम क्यों दें। हम बड़े भाई बन गये। छोटे भाई के साथ मिल कर तो मुकदमा लड़ा, लेकिन जब देने का मौका आया तो अलग हट गये और वही हिन्दुस्तान की जम्हूरियत का सब से पहला काला दिन है जिस दिन कांग्रेस ने लीग को हुकूमत में शिरकत करने से रोका और मरहूम हाफिज मुहम्मद इब्राहीम को जो लीग के टिकट पर लड़े थे उन को आप ने दलबदल करवाया और अपने दल में लिया तो सिलसिला वहीं से शुरू हो गया। सौ चूहे खा कर बिल्ली हज को चलती है क्या? ऐसे कौन चलता है। मैं एक नहीं अनेक उदाहरण दे सकता हूं। आजादी के बाद सब से पहले . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली): फिर वह रिजाइन कर के एलेक्शन लड़ कर आये।

श्री लाडली मोहन निगम: आप का कहना सही है। वैसे तो 25 सौ एक्जाम्पल मैं दे सकता हूं। पहले आप ने टुकड़े कराये, हिस्सेदारी दी और फिर कहा कि चुनाव लड़ लो अपनी पाकदामनी का सबूत देने के लिये। मैं जो कहना चाहता हूं उस को जरा देखिये। 1952 के पहले चुनाव को आप ले लें। उत्तर प्रदेश में वहां सब से पहले हुकम सिंह को किस ने डिफैक्ट कराया। मैं एक और बात कहना चाहता हूं और मुझे इस बात का फक्र है कि मैं उस जमाने में जिस दल से था या आज भी बेनामी तौर पर 3 P.M. जिस के साथ जुड़ा हुआ हूं वैचारिक स्तर पर, आज भी दिमागी तौर पर और वैचारिक स्तर पर जिस पार्टी से जुड़ा हुआ हूं वह सोशलिस्ट पार्टी हिन्दुस्तान में बनी थी। मैं उसकी बुनियाद में नहीं जाना चाहता हूं। सन् 1953-54 में महज कांग्रेस को केरल में अकसरियत नहीं मिली, इसलिए उन्होंने दलबदल को बढ़ावा दिया। आपने केरल में जो पाप किया था वह आगे भी चलता रहा। आपने हिन्दुस्तान की उन छोटी छोटी

पार्टियों को लालच दिया कि तुम आपस में हिस्सेदारी कर सकते हो और अपनी मात् पार्टी प्रजा सोशलिस्ट पार्टी को तोड़ सकते हो, वही अब तक चलता रहा है। इस प्रकार से आपने श्री पट्टमथानु पिल्लें की सरकार बनवाई। आपने यह साबित किया कि हिन्दुस्तान में अल्पमत की भी सरकार बन सकती है और वह आपके रहमोकरम पर जिन्दा रह सकती है। मैं इस सारे इतिहास में नहीं जाना चाहता हूं। सन् 1956 में एक नई पार्टी बनी। उसके घोषणा पत्र में जम्हूरियत की बात रखी गई। श्रीमन् वाई०बी०चव्हाण उस वक्त गृह मंत्री थे। उनको दावत दी गई और चिट्ठी लिखी गई कि हिन्दुस्तान में जम्हूरियत अभी अपनी जवानी पर भी नहीं आई है, शैशवावस्था में है इसलिए सब विरोधी दलों को मिलकर एक साथ बैठकर एक आचार संहिता बनानी चाहिए और चुनावों के संबंध में नीति निर्धारित करनी चाहिए और राजनीति के इस पवित्र कार्य को दल-बदल या दूसरे तरीकों से दूषित नहीं होने देना चाहिए। मुझे याद है उस जमाने में श्री वाई०बी० चव्हाण ने अपनी सरकार की तरफ से हमारी पार्टी के अध्यक्ष डा० राम मनोहर लोहिया को जवाब दिया था कि ठीक है, दल-बदल की आपको चिन्ता हो सकती है, हिन्दुस्तान की राजनीति की शुद्धिकरण की चिन्ता आपको हो सकती है, लेकिन जहां तक हम लोगों का सवाल है, अगर कभी इस मामले पर सोचना होगा तो 5–6 चुनावों के बाद सोचेंगे। मतलब साफ था कि 5–6 चुनावों तक हम जिन्दा रहेंगे और येन-केन-प्रकारेण, तोड़-फोड़ करके, राजनीति चलाते रहेंगे। इसके बाद इसका इतिहास शुरू हो जाता है। आज भारत का राजनीतिक जीवन दूषित हो गया है। सड़क पर चलने वाला प्रत्येक व्यक्ति राजनीतिज्ञों को शक की नजर से देखता है। किसी का चरित्र अच्छा हो या बुरा यह तो आप जानिये और इसको ढूंढने की कोशिश कीजिये लेकिन आम जनता किसी एक वर्ग के चरित्र को किसी एक चरित्र से जानता है। इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में राजनैतिक शुद्धता के लिए और प्रजातंत्र के लिए यह जरूरी है कि अब भी समय है आप अवसर को मत खोइये। आज यह बिल अगर पास न भी हो तो कानून मंत्री जी इस बारे में पहल कर सकते हैं और उनको पहल करनी चाहिए। देश की प्रधान मंत्री को पहल करनी चाहिए आप आपस में बैठकर कोई आचार संहिता बनाओ। मैं इस संबंध में अपनी सरकार को भी दोषी मानता हूं। आप ऐसा बिल मत लाइये जैसा बिल लाने की कोशिश जनता पार्टी ने की थी जिसमें विरोधियों की आवाज को ही खत्म कर देने की कोशिश की गई थी। मैं यह कहना चाहता हूं कि सहमति ही समर्थन नहीं होती है असहमति भी समर्थन का काम करती है। यह जरूरी नहीं कि सब लोग प्रजातंत्र में आपकी बात का समर्थन करें। मान लीजिये मैं सदन में किसी बिल पर बोल रहा हूं और दल के खिलाफ बोल रहा हूं तो क्या इसका यह मतलब होगा कि दल के नेता मुझे पार्टी से निकाल देंगे ? एक का दल-बदल दल-बदल माना जा सकता है लेकिन अगर एक समूह दल बदल करे तो इसमें आपको फर्क करना चाहिए। एक व्यक्ति का दल-बदल हो सकता है लेकिन अगर कोई समूह एक विचार से दूसरे विचार में जाता है तो वह दल-बदल नहीं हो सकता है। आपने आज तक किसी समूह की बात को नहीं सुना इसीलिए मुल्क में क्षेत्रीय पार्टियां बनती

[श्री लाडली मोहन निगम]

रही। अगर आपने प्रजातंत्र में समूह की बात को भी सुनने की आदत डाली होती तो यह खतरा नहीं हो सकता था जिसकी ओर श्री साहू ने इशारा किया है। उस स्थिति में इस देश में क्षेत्रीय पार्टियां कभी नहीं पनपतीं। अगर दिल्ली में बैठा हुआ कोई तानाशाह या गद्दी पर बैठा हुआ कोई भी व्यक्ति राज्यों की सरकारों के साथ पटवारी और कलक्टर की तरह व्यवहार करेगा तो उस इलाके के लोगों को ठेस लगेगी। कौन नहीं जानता है जहां से आप आए हैं वहीं पर सबसे पहले गण संग्राम परिषद् बनी थी। उस वक्त तक हिन्दुस्तान में किसी क्षेत्रीय पार्टी का कोई निशान नहीं था। क्यों बनी थी? अब यह इतिहास बताने की जरूरत नहीं है कि लोगों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। इस वास्ते प्रजातंत्र में दो चीजें जरूरी है। एक समान बराबरी और दूसरा सहमति होने का अधिकार। किसी की भी असहमति हो उसको यह अधिकार मिलना चाहिये वह यह कहे। जम्हूरियत की सबसे बड़ी खास चीज यह है कि अगर असहमति हो तो आप प्रचार करने का मौका देते है कहने का मौका देते हैं तो उसमें एक संभावना बनी रहती है कि असहमति कल बड़े वर्ग की सहमति बन सकती है। अगर आपने असहमति को रोक दिया तो सहमति का समर्थन करने वाले का आखिर अंततोगत्वा क्या परिणाम होता है, कौन जाने उसके गर्भ से आम सहमति के नाम पर देश को टूटने के नाम पर हिटलर ही जन्म ले ले, जम्हूरियत जन्म नहीं लिया करती है। हिटलर ने यह नारा लगा कर वहां की संसद को कहा था। अगर यही भाषा हम लोग भी बोलते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब इसका मूल्यांकन कोई न कोई कर डाले। आज हम संसद की आचार संहिता पर खुद संसद में बनाए हुए कानूनों पर कितना अमल करते हैं? आज जम्हूरियत का कितना मजाक उड़ाया जा रहा है यह आप जानते होंगे। आम जनता से चुना हुआ आदमी आम जनता के सामने तो ठीक है लेकिन जिस सदन में वह बैठता है वहां भी वह अपने को महफूज नहीं कर पाता। उसके लिये पुलिस के पहरे सिक्योरिटी और जामा-तलाशी की जरूरत पड़ती है। इससे ज्यादा और क्या गिरावट हो सकती है? इससे पता चल रहा है कि हिन्दुस्तान की जम्हूरियत किधर जा रही है। दल-बदल की हमारी हवस ने हिन्दुस्तान की जम्हूरियत को कहां खड़ा कर दिया है? आज चुने हुए प्रतिनिधि अपने लोगों से डरने लग हैं। इस वास्ते मैं कहना चाहता हूं कि दल-बदल तीन-चार चीजों के लिये जरूरी है। अगर कोई आदमी दल बदल करता है तो आप यह नियम बना लें कि उसको अपने चुनाव क्षेत्र में पुनः चुनाव लड़ना पड़ेगा। लेकिन अगर वह व्यक्ति अपने चुनाव क्षेत्र का 3/4 मतदान केन्द्रों में समर्थन ले आता है तो वह उसका सदस्य हो सकता है। मुझे हक है आज मैं हिन्दू हूं और मुझे मुसलमान बनने पर ठेकेदारी मिल जाती है तो क्या मैं मुसलमान नहीं बन सकता? कौन रोक सकता है। मत स्वतंत्रय की आपने व्याख्या की है। आपका बुनियादी अधिकार है उसको आप कैसे रोक सकेंगे। आज प्रजातंत्र की कोई शरियत नहीं है बल्कि जो खुदा ने कह दिया है वहीं चलेगा। यह नहीं चलना चाहिये। यहां सिद्धांत मनुष्य बनाता है। मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि आप यह नियम बना दीजिए कि अगर आदमी दल बदल लेता है तो उसके पास जितने भी पद हैं उनसे उसको इस्तीफा देना पड़ेगा। उसको चुनाव के लिये जाना पड़ेगा। अगर नहीं तो कम से कम यह बंधन लगा दीजिए कि आने वाले पांच

वर्ष तक या जब तक उस सदन की अवधि है तब तक वह किसी पद पर नहीं जा सकता—न पार्टी के अन्दर और न पार्टी के बाहर । अगर आप इसको मान लेने को तैयार हैं तो मैं समझता हूं जो आपका लालच है दाना फेंक कर मुर्गा फांसने का देश की सियासत में, वे मुर्गे फांसने बंद हो जायेंगे । इस वास्ते मैं कहना चाहता हू कि आम जनता से चुने हुए प्रतिनिधियों को देश की सियासत में जो मुर्गो की हैसियत में लाकर छोड़ा है, कम से कम उससे उनको बचाइये । यही संशोधन कबूल कर लीजिए कि कोई आदमी दल-बदल करता है तो पांच वर्ष तक वह कभी भी या इस सदन की अवधि तक वह किसी सरकारी, गैर-सरकारी या पार्टी के किसी पद पर नहीं रहेगा । दूसरा आप यह कर दीजिए, दल बदल रोकने का एक तरीका यह हो सकता है कि जब कभी कोई सदस्य चुनाव में अपना पर्चा दाखिल करने जाता है तो उस वक्त अपनी और अपने परिजनों की सम्पत्ति की घोषणा करनी पड़ेगी । तब कोई भजन लाल देश में पैदा नहीं हो सकता । कोई गरीब यहां जमीन नहीं खरीद सकता । तब उसको पता चलेगा कि उसकी कितनी हैसियत है । कम से कम उसमें तरमीम तो नहीं, हां, प्रावधान कर दीजिए कि हर आदमी जो चुनाव के मैदान में आना चाहता है उसको अपनी व्यक्तिगत और अपने परिजनों की, सार्वजनिक रूप से, सम्पत्ति की घोषणा करनी पड़ेगी । सार्वजनिक रूप से, ताकि कल फिर वह राजनीति के माध्यम से, अपनी हैसियत पैसे से न गंवाये या कोई बड़ा अफसर, मुझे ताज्जुब हुआ सदर साहब, इस साल की लोक लेखा समिति की जो रपट है, बिहार सरकार की, उसने एक प्रदेश के गवर्नर के बारे में क्या-क्या बातें लिखी हैं, क्या-क्या बातें कहीं हैं, मैं क्या कह सकता हूं । अगर राजनैतिक पद का इस्तेमाल इस तरह से हो सकता है, अगर किसी बड़े पद पर कोई बैठता है तो उसकी क्या बात होगी, इसलिये इसको कहीं न कहीं सोचना पड़ेगा, कहीं न कहीं इस पर लगाम लगानी पड़ेगी ।

तीसरी चीज मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि दल बदल करने वाले अगर समूह में करते हैं, मान लीजिये इस सदन के 15–20–30 आदमी किसी दल को छोड़कर दूसरे दल में जाने की कोशिश करते हैं या अपना अलग दल बनाते हैं तो उनको वह अधिकार होगा । इस पर आप यह रोक लगा . . . (**व्यवधान**) . . . वह मैं बता रहा हूं । सुनो तो । यहां खाली कलम नहीं घिसते ।

मैं कह रहा हूं । अगर मान लीजिये मेरे दल की संख्या 100 है तो आप यह रोक लगा दीजिये कि जब 15 प्रतिशत, 20 प्रतिशत आदमी डिफेक्ट करते हैं तो वह दल बदल नहीं होगा और अगर इससे कम करते हैं तो वह दल बदल माना जायेगा, कम से कम 20 प्रतिशत, क्योंकि अगर यह शर्त आप रखेंगे तो इसमें दोनों रास्ते बने रहेंगे । आप किसी की सहमति और असहमति सुनने के लिये तैयार नहीं हैं । यह नहीं है कि आम सहमति आपके सामने होनी चाहिए । दूसरी चीज यह भी हो सकती है, मैं उसके लिये तैयार हूं कि सदन हमें जब कभी भी सार्वजनिक हित का कोई प्रस्ताव वगैरह आता है, अगर आप हर सदस्य को इसकी छूट दे दें कि वह अपने मत के अनुसार, अपने मन के अनुसार मतदान करे तो मैं आपसे कहता हूं कि मैं दल बदल रोक सकता हूं । यह नहीं हो सकता कि जबर्दस्ती उसके मन के खिलाफ वोट दिलायें । यह काम दो-ढाई वर्ष तक जनता सरकार ने किया

[श्री लाडली मोहन निगम]

और बह गई। आप लोग लगातार यह कोशिश कर रहे हो और इसके चलते हिन्दुस्तान की राजनीति हर सूबे में पनप रही है। आखिर में, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि रीजनल पार्टीज की बात आप करते हैं। याद रखें कि आज कोई भी पार्टी अखिल भारतीय पार्टी नहीं है। कांग्रेस भी अखिल भारतीय पार्टी नहीं है। अपने बूते पर वह हर सूबे में चुनाव नहीं लड़ सकती। ... (**व्यवधान**).....

श्री (मौलाना) असरारुल हक (राजस्थान) : ...हर स्टेट से मेम्बर हैं कांग्रेस कमेटी में .... (**व्यवधान**)

†[شری (مولانا) اسرار الحق

(راجستھان) : ہر اسٹیٹ سے ممبر ہیں کانگریس کمیٹی میں ..... (مداخلت)]

श्री लाडली मोहन निगम : आपके जो हकीम हैं ... (**व्यवधान**) ... हकीम का बोर्ड हर जगह लगा हुआ है, उनकी सारी दुनिया में चर्चा है। आपकी दाढ़ी स्याह नहीं है, सफेद दाढ़ी को आपने स्याह किया है, उसकी मैं इज्जत करता हूं मेरी जुबान खोल दोगे तो बहुत बुरी बात होगी ... (**व्यवधान**) ...

मैं अर्ज कर रहा था कि आज आप क्षेत्रीय दलों के साथ समझौता कर रहे हो, झक मारकर कर रहे हो, अन्ना डी० एम० के० के साथ करते हो, डी० एम० के० के साथ करते हो, आपका मन जिसके साथ चाहे समझौता करो लेकिन जब कोई और पार्टी किसी के साथ समझौता करने की कोशिश करे तो आपको बुरा लगता है।

श्री (मौलाना) असरारुल हक : समझौता आप कर रहे हैं। हम तो किसी पार्टी से समझौता नहीं करते। काश्मीर में इलेक्शन लड़ा, किसी से हमने समझौता नहीं किया।

†[شری (مولانا) اسرار الحق :

سمجھوتہ آپ کر رہے ہیں - ہم تو کسی پارٹی سے سمجھوتہ نہیں کرتے - کشمیر میں الیکشن لڑا - کس سے ہم نے سمجھوتہ نہیں کیا -]

श्री लाडली मोहन निगम : केरल में समझौता किया।

श्री (मौलाना) असरारुल हक : वह कोई समझौता नहीं है।

†[شری (مولانا) اسرار الحق :

وہ کوئی سمجھوتہ نہیں ہے -]

श्री लाडली मोहन निगम : तो फिर वह क्या है?

श्री (मौलना) असरारुल हक : यह उनकी मदद है, वे लोग अच्छा काम कर रहे हैं, इसलिये उनको सपोर्ट कर रहे हैं ... (**व्यवधान**) ....

†[شری (مولانا) اسرار الحق :

یہ انکی مدد ہے - وہ لوگ اچھا کام کر رہے ہیں - اسلئے انکو سپورٹ کر رہے ہیں - .... (مداخلت)]

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

श्री लाडली मोहन निगम : यह क्या समझौता नहीं है, सियासत नहीं है ?

श्री (मौलाना) असरारुल हक : कहा है मदद है . . . (**व्यवधान**) . . . आप अभी गिर पड़ेंगे तो आपकी मदद करेंगे या नहीं ?

†[شری (مولانا) اسرار الحق :

کہا ہے مدد ہے - . . (مداخلت) . . آپ بھی گر پڑینگے تو آپ کی مدد کرینگے یا نہیں -]

श्री लाडली मोहन निगम : यह सब सियासी तौर पर हो रहा है . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री (मौलाना) असरारुल हक : सियासत यह भी है . . . (**व्यवधान**)

†[شری (مولانا) اسرار الحق :

سیاست یہ بھی ہے . . . . (مداخلت) . . . .]

श्री लाडली मोहन निगम : आपकी सियासत हो सकती है, मेरी नहीं है ।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि उपसभाध्यक्ष महोदय कि एक निश्चित प्रतिशत अगर आप बांध देते हैं तो मुझे बहुत खुशी होगी । इससे यह हो सकता है कि यह जो लालच के जरिये, डर के जरिये या प्रलोभनों के जरिये तब्दीली होती है वह रुक सकती है । (**समय की घंटी**)

आखिर में, एक बात कहकर मैं अपनी बात खत्म करूंगा । इस बिल पर खुलकर चर्चा हो रही है, बड़ी खुशी की बात है । मैं साहू जी को बहुत गंभीरता के साथ सुन रहा था । उनके मन में पीड़ा है । लेकिन एक चीज मैं आपको बताना चाहता हूं और आप इतना याद रखे कि जो क्षेत्रीय दल हैं उनका अगर आपने दिल्ली में बैठकर सम्मान नहीं किया तो फिर वह दिन दूर नहीं कि जब कभी भी कोई मरकजी हुकूमत अपनी इलाकाई हुकूमत की तौहीन करता है तो मुल्क टूटा करता है और यही गुजिश्ता इतिहास पिछले 18 सौ वर्षों का मुझ को सिखलाता है । जब कभी किसी सूबे के साथ या उसके सूबेदार के साथ किसी तानाशाह ने, दिल्ली में बैठा हुआ, चाहे वह एक खानदान ही क्यों न हो, एक मां के पेट से निकले हुए भाई ही क्यों न हों, उन्होंने बगावत की है, मुगल इतिहास के सफे भरे पड़े हैं । इसलिए मेरा कहना है सब को साथ लो और सब को फलने-फूलने दो लेकिन इस बुनियादी बीमारी को दूर करने के लिए दो ही तरीके हैं । दल बदल किन कारणों से हुआ है उस पर विचार करने के लिए सब बैठ कर-के एक गोल मेज कान्फ्रेंस बुलाएं और उनमें बैठ करके हम सब खुले मन से सन् 1936 से लेकर के 1983 तक अपने अपने गिरेबान में मुंह डाल कर के देखें, इतिहास को देखें । मुझे पूरा भरोसा है अगर ईमानदाराना तरीके से प्रधानमंत्री ने इस बात की पहल की तो कोई वजह नजर नहीं आती कि हिन्दुस्तान में इस राजनीतिक बीमारी का इलाज न ढूंढा जा सके । धन्यवाद ।

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK (Orissa): Sir, this is a House of Elders and I think this esteemed House is mainly engaged in such debates of national interest and importance for future instead of just putting rubber stamp on what comes from the other

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

[Shri Harekrushna Mallick] House, so that the work of the two Houses may be divided and this House could function in right earnest. Otherwise, as it is known as the Council of States, some more assignments should be earmarked for this House, and every week, we should have such discussions on important subjects, not just in a blue moon. Every week the business cf the House is announced and Members speak. Here,lam sorry to point out that the entire side of the Treasury Benches is empty today. I- am extremely shocked to see vacant Treasury Benches; not even the concerned Minister is present. Only the Minister on the roster duty is here... (Interruptions).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): The Minister concerned is sitting here.

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: It is the Government's responsibility, and on this issue I- demand resignation of the Government. This Government. .. (Interruptions) ... has no right to stay.

SHRI B. IBRAHIM ^Karnataka): I would like to know on which subject is he speaking.

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK; I demand, therefore, at the very outset, that if this is the attitude of the Government, then people must have the. right to recall this Government which has failed to function.

Now, coming to the topic under discussion, I would like to say... (Interruptions) . I cannot help it; you started the disturbance. As you sow, so shall you reap; that is a golden axiom. Let my friends on the other side be careful.

It is said that in love and war, nothing is unfair. Well, the Indian politicians have yet added another aspect that in politics also, nothing is unfair. Earlier, we talked about Aya-Ram and Gaya-Ram. The then President, Sanjeeva Reddy said in an. inaugural address—I am not interested in Aya-Rams and Gaya-Rams, although he himself embraced another Master Ram, whose name is also Ram —that is, Shri Jagjivan Ram. That is why I say, in fact, he was not actually interested in Aya-Rams and Gaya-Rams; he was only interested in one Ram... (Interruptions). I am talking about the future with reference to the past. Mr. Ibrahim should remember one other Ibrahim who let lose the rule of Delhi... (Interruptions) . He may remember it; I am talking something from the past, for the future, through the present—the living present.

SHRI B. IBRAHIM: Sir, on a point of order. He just referred to my name. I do not know what he has concluded. I would like to know from him. . . .

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: I will tell you.

Sir, over since this Bhajan Lai chapter started, this country has gone into another era, the Bhajan Lai era. He became almost a wholesale trader; not one or two, but wholesale. He brought the whole pack and stood. The photograph is still there. The museums in this country will be disgraced with such a. photograph.



Don't worry. You will get your chance. Your chance will come. Don't try to disturb. Only you will be disturbed.

f I 1 Translation in Arabic Script. Script.

Sir, I have come with facts. I can detail them today, tomorrow or some othre day. There is no problem. Now, the question is this. Some of our hon. friends opposite justified this and asked, what is wrong if a person changes over from one party to another if he loses faith in the policies and programmes and in the leadership of the party to which he belonged. But I would ask them, what is the difficulty for him to resign and come through another election? If they are so much conscientious, they should seek the rriandate of the people again. Therefore, Sir, this is going on.

SHRIMATI MONIKA DAS (Karnataka): You come to the point.

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: Sir, it is said marriage is a ghastly public confession for ....

श्री (मौलाना) असरारुल हक़ : कई कई महीने क्यू में लगे रहते हैं तब जाकर मेम्बर (व्यवधान) बनते हैं . . . (व्यवधान)

†[شری (مولانا) اسرار الحق : کئی کئی مہینے کیو میں لگے رہتے ہیں تب جاکر ممبر . . (. داخلت) . . بنتے ہیں -]

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: I do not know why the hon. Member is *3t>* much excited. He has, perhaps, come otherwise prepared, not for this speech. Why should he disturb on every point? He is excited.

AN HON. MEMBER: You are excited.

(Interruptions) SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: I am not excited. I am exciting.

(Interruptions)

Let them calm down. As I said, marriage is a ghastly public confession of a private intention. In the same way,

t[ ] Translation in Arabic Script.

out. in amerent sense, elections ais« are today a ghastly public confession of a public intention, not-any private intention. X, Y or Z goes to the electorate and starting from the forehead to the toe, he begs for vote saying

बहन जी, माताजी आपको दुआ चाहिए और दुआ लेने के बाद. . .

(Interruptions)

The problem is; your mind is elsewhere. That is the difficulty. Your eyes and ears are not here. Your eyes. and ears are elsewhere, intention. X, Y or Z goes to the elec-

DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA (Maharashtra): Sir, on a point of order. Is he speaking in any language which is in the Eighth Schedule of the Constitution or is he......................

(Interruptions)

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: May I clarify? I do not know whether the hon. Member knows at all *wha* languages are in the Eighth Schedule of the Constitution. English is not in the Eighth Schedule of the Constitution and she spoke in that language.

Now, the question is, whether or' not we should go in for this. Well, one party or the other, one day or the other, this Government or the other,, will be bound by history to come forward with such a Bill. Unless we seal defection, democracy in India will be a failure. Shri Ashok Mehta once said, if India fails, fails democracy in the world. This was in 1962. Now, India is the largest democracy in the world. But we are being discredited by such Members who are sitting there, who are master defectors. They not only incite defection, but they also support defection, they maintain defection and they still desire defection. That is why, they are in difficulty. That is why, they are not interested in this Bill. But I am glad,, at least, one hon. Member Opposite congratulated the mover of' the Bill. Sir, there is one last point.

^HRI VITHALBHAI MOTIRAM PATEL (Gujarat): MrHVIallick, how many times your leader defected?

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: No, no, I am talking for myself. Your leader is the master defector. Most of the members are master defectors and your Government is based on master defection. So, let us not be academic only. When an amendment of this nature comes, we should examine it legally, academically and from all angles. We should have an open heart, clear heart. *(Interruptions).* Why are you irritated? Why are you excited or incited? What is the problem? Truth is always bitter, but it is the bitter quinine that cures malaria. *(Interruptions).* The purpose of the discussion that we are having today is that we and our next generations should have a better political future. Ours is the greatest democracy in the world. Let it remain great, good <md let it perpetuate for ever. (Interruptions). I am sorry,"" even if at this point they want to interrupt me, they should immediately go out of the House, resign from the House, or else they should be dragged out of the House. If this is the attitude of these Members, the people of India should come and drag them out of their chair. They do not deserve to be here. What they are doing is absolutely wrong. I am extremely sorry to say all this, but in a House like this.... (Interruptions). No, no, I am not angry. My heart is soft and sweet, hut my words are strong.

So, the question is 4 is the independent memebrs and parties having very little strength who make to and for movement like shuttle cocks. The simplest strategy should be that the independent members, who are elected on independent ticket, should not have any voting right in the House. They will be like venomless snakes coming out of the charmer's *jhola. (Interruptions)* My second point is, the election should be kept valid and tenable j and viable for the period for which ! it is held. Now there is inconsistency in the parties also when an opportunity comes to bag more seats or to take a chance for bagging more seats. People will be indulging in having voting rights now and then. So, voting, electioneering and all that should not be made a blaekmarketing business. The paper we waste on every election is enough to educate our children for, 10 years. Therefore, I strongly plead that the State Assembly should be there for the period for which it has been voted. Whether it is at ' the Centre or in the States, the period of election should not change. The State Assembly can be kept in suspended animation but it should not be dissolved. An independent member has nothing to do if the Government fails. *(Interruptions).* I am swinging my hand all round. This side I am swinging my hand because that side has failed and so my hands will automatically go on to this side. That side does not deserve to be in power.

fThe Vice-Chairman Dr. (Shrimati) Najma Heptulla in the Chair].

The other point is, no Assembly should be dissolved. Whether it is Assam or Kerala or Delhi, the Assembly so constituted by law, through election, should remain there for the period for which election has been held. There should not be frequent dissolving of the State Assemblies. This will prevent frequent inconsistency for the people to vote or to be voted. The other thing is, the elected members form an electoral college lor election of members of this House. Their tenure should not be disturbed. When the Assam Assembly and the Kerala Assembly were dissolved, the elections; of the House were affected. At that time also this matter came up and I have also given a No-Day-Yet-Named Motion. The Governor should not dissolve the House whenever such a case occurs. In case of failure of the State Government machinery, the House should be keDt alive for the period over which the elecion is held so that the eonstituencv for election, namely the electoral college, will he kept viable.

Coming to the functions of this Government, we should immediately see *tb,at* the Minister concerned should bring forward a regular Bill to stop defections right during this Session. Let us start a new era; let us start an entirely new history. Nobody will lose; nobody will gain. In Maha-ashtra, you recall nobody gained, nobody lost. When Belalsen was asked, who killed whom? he said: "I have seen nobody killing anybody. What I saw was a wheel going to this side and that side and people were falling down. Nobody died; nobody lived". In a democracy, it is like this. What is life after all? It is just a small piece. How elegant, how colourful it can be, it is upto you. It is upto you to S2e how happy this life can be.~ Similarly, national life should b"e~an eternity. The freedom of the people, the democracy of the country and the sacred process of elections should b_e perpetuated till eternity. The Government should see that this should be brought in immediately and we should have no objection to it. No section will oppose it-And no party is going to lose. We can even tomorrow pasg^t so that right from the Centre and the States, we can start a new era, new epoch for the people of India to live and love to live in th"i_s country.

श्री (मौलाना) असरारुल हक : मैं डिपुटी चेयरमैन साहब से एक गुजारिश करूंगा कि पालयामेंट की प्रोसीडिंग्स में इत का लफ्ज आ गया कि कोई मिनिस्टर नहीं है, लिहाजा मेरा नम्र निवेदन है कि डाक्टर को बुला कर अपोजीशन वालों की आंखों का मुआयना कराया जाय कि उन को चश्मा लग जाय कि मिनिस्टर नजर आएं । मकवाणा साहब बैठे थे, गुलाम नबी आजाद बैठे थे, कल्पनाथ राय बैठे थे, इन्हें नजर नहीं आये ।

†[شری (مولانا) اسرار الحق :

میں ڈپٹی چیئرمین صاحب سے ایک گذارش کروں گا کہ پارلیمنٹ

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

کی پروسیڈنگس میں ان کا لفظ آ گیا کہ کوئی منسٹر نہیں ہے لہذا میرا نم نویدن ہے کہ ڈاکٹر کو بلاکر اپوزیشن والوں کی آنکھوں کا معائنہ کر لیا جائے کہ ان کو چشمہ لگ جائے کہ منسٹر نظر آئیں - مکوانہ صاحب بیٹھے تھے - غلام نبی آزاد بیٹھے تھے - کلپ ناتھ رائے بیٹھے تھے - انہیں نظر نہیں آئے -]

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: The way this Government functions, we are confused who is a Minister. The Minister must standTip and say: "I am the Minister". I Bo not know when he is going out.

SHRIMATI MONIKA DAS: You should be ashamed for this.

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK: Why should I be ashamed? You should be.

श्री हयातुल्ला अन्सारी (नाम-निर्देशित): वाइस चेयरमैन साहिबा, जो अमेंडमेंट पेश किया है झा साहब ने उस में सब से मजे की चीज थी जिस पर उन्होंने रोशनी डाली और वह यह कि मेम्बरों को रिकाल किया जा सके । यह बहुत इन्टरेस्टिंग चीज है । रिकाल क्योंकर किया जायेगा यही बात है । मान लीजिए कांस्टीटुएंसी में 5 लाख आदमी हैं जो मेम्बर एलेक्ट हुआ उसे 2 लाख वोट मिले, सेकिन्ड को पौने 2 लाख मिले । जिसे 2 लाख मिले उसे रिकाल कैसे किया जायेगा ? मान लीजिए झा साहब इलेक्ट हुए और मैं ने एप्लीकेशन दिया कि इन को वापस बुलाया जाय । एक आदमी की एप्लीकेशन पर होगा ? आप कहेंगे नहीं । दस की, सौ की, हजार की, कितनी की काफी होगी । या कह दो इलेक्शन फौरन किया जाय जिस से मालूम हो कि रिकाल करना चाहिए । तो कितने आदमियों की एप्ली-

[श्री हयातुल्ला अन्सारी]

केशन पर किया जाय—दो, बीस, हजार, दो हजार—अगर दो हजार आदमी एप्लीकेशन दे दें तो उस के बाद तो इलेक्शन हो जायेगा कि हम इन्हें नापसन्द करते हैं यानी पूरा इलेक्शन होगा और उसके बाद फिर इलेक्शन किया जायेगा नया मेम्बर चुनने के लिए । तो दो-चार सौ आदमी हर मेम्बर के खिलाफ मिल सकते हैं । इस का मतलब है मेम्बर का इलेक्शन हो, फिर इस के बाद उस के रिजेक्शन का इलेक्शन हो । और जैसे वह इलेक्शन खत्म होगा, दूसरा इलेक्शन होने लगेगा । तो सारा हिन्दुस्तान साल भर एलेक्शन में ही लगा रहेगा । वापस करने के लिये, चुनने के लिये एलेक्शन होते रहेंगे और हिन्दुस्तान भर में साल भर नारेबाजी होती रहेगी, तकरीरें होती रहेंगी और जलूस निकलते रहेंगे और कोई वक्त ऐसा नहीं होगा कि जब यहां इलेक्शन हो न रहे हों । पहले रिकाल करने के लिये कार्यवाही होती रहेगी और फिर लोगों को चुनने के लिये बराबर एक सिलसिला चलता रहेगा । लेकिन इस सब के लिये आप ने कोई रूल बताया नहीं । अगर वह अपनी स्पीच में इस के लिये कोई कायदा बताते तो वह बड़ा दिलचस्प होता । लेकिन उन की इस बात को मानने का नतीजा यह होगा कि पूरे हिन्दुस्तान में साल भर हर जगह इलेक्शन होते रहेंगे । कहीं रिकाल करने के लिये होंगे और कहीं चुनने के लिये इलेक्शन होते रहेंगे । न यहां दफ्तरों में कोई काम होगा और न कोई बिजनेस हो पायेगा और न लोग अपने काम धंधों को देख पायेंगे । मुझे अफसोस है कि उन्होंने इस बात पर रोशनी नहीं डाली कि इस का प्रोसेस क्या होगा, रिकाल करने का प्रोसेस क्या होगा ।

दूसरी बात यह कि जरा सा चेंज आ गया है एटमास्फियर में । जब पहले यह बिल उन्होंने पेश किया था तो सूरत दूसरी थी, लेकिन उस के बाद कुछ गड़बड़ हो गयी । अब दो पार्टियों में एलायेंस हो गयी है जो कि एक दूसरे के बड़े खिलाफ थीं । चौधरी साहब जनसंघ के खिलाफ थे और जनसंघ ने वैसे अपना नाम बदल लिया है और यह पार्टी तो हर दूसरे साल अपना नाम बदलती रही है, लेकिन यह चौधरी साहब के बड़े खिलाफ थे । लेकिन अब उस को उन से मोहब्बत हो गयी है, उन दोनों में गठबंधन हो गया है । तो अगर इस दल-बदल को रोकते हैं तो गड़बड़ हो जायेगी तो इस लिये घुमा कर कहा कि अगर थोड़े आदमी उधर हो जाएं अगर आइडियाज बदल जायं तो कोई हर्ज नहीं है । एक नयी दलबदली हो रही है इस दल-बदल में । मैं चाहता हूं कि झा साहब इस पर भी जवाब देते समय रोशनी डालें कि चौधरी साहब ने जो जनसंघ का साथ किया है या जनसंघ ने जो चौधरी साहब का साथ किया है इससे क्या उन के आइडियाज में भी कुछ तब्दीली आयी है या नहीं ? चौधरी साहब ने जो काम किया है उस को हम जैसे लोग तो दल-बदली ही समझेंगे लेकिन झा साहब को यह बात सही नहीं लगेगी । एलायेंस अगर कांट्रेडिक्टरी लोगों से की जायें तो वह क्या होगी । पार्टीज तो आइडियाज पर चलती है, वोट पर नहीं चलती । आइडियाज पर हम जिन्दा हैं । उन पर ही हम चल कर मुल्क को कुछ देना चाहते हैं । उनके लिये हम जिन हुए हैं और आइडियाज के लिये हम ने लड़ाइयां लड़ी हैं । आज भी आइडियाज पर ही पार्टियां चलती हैं । दलबदल का यह मतलब नहीं है कि इस कुर्सी को छोड़ कर दूसरी कुर्सी पर



आ गये । सफेद को काला समझना और काले को सफेद समझना दल-बदल है कहीं ऐसा न हो कि आप इसमें फंस जायें । इस लिये झा साहब के लिये जरूरी है कि आइडियाज को बदली करें और फिर वे चाहे किसी दल में चले जायें । मुझे उम्मीद है कि झा साहब जवाब देते समय मेरी बातों का जवाब जरूर देंगे । बस इतना ही मुझे अर्ज करना है ।

SHRI GHULAM RASOOL MATTO (Jammu and Kashmir): Madam Vice-Chairman, I am grateful to you for having given me an opportunity to speak on the subject. Mr. Jha has ■brought a Bill. 4 I do not know if any party in the country has so far openly objected to the principle behind this Bill. I recall, in this connection, when the Janata party came into power, they were vehement about it, that there should be an Anti-Defection Bill. When the Congress" came into power in 1980, I remember, in the autumn of 1980, Shrimati Indira Gandhi, our Prime Minister, speaking •at a press conference stated that, she in principle, accepted that there should be an Anti-Defection Bill and her Government would take steps in that direction. In other words, wlien the Janata was in power, they were for an Anti-Defection Bill. When Shrimati Indira Gandhi came into power, they were for an Anti-Defection Bill. Now it is a question whether what one says is serious about it or not. I recall from memory that afternoon I was still with our beloved leader Sheikh Mohammad Abdullah. • I told him in that day's papers there was a mention ofSmt. Indira Gandhi also accepting the principle of Anti-Defection Bill. He immediately called the then Law Minister, Mr. D. D. Thakur, who came immediately. He asked him if he could go ahead with a Bill like that. Mr. Thakur told him, "Yes, we have our own People's Representation Act, and we can go ahead with an Anti-defection Bill." He said, "Thjs is a remarkable thing. It would be & great service that you will do to the people of India if you become the pioneer in legislating this Bill." Within a month or so, an Anti-Defection Bill was passed by the Kashmir Assembly. It is a different story tfiat at *one time* or the other some political party has been supporting it or opposing it. But we are glad that at one stage, that is, in the High Court of Jammu and Kashmir the Anti-Defection Bill passed by the Jammu and Kashmir Government has been upheld. Now the people who have been defeated, who have lost in that petition, have gone to the Supreme Court. I do not know whether any political pa"rfy is interested in helping those individuals, to support them in fighting their case in the Supreme Court. By recapitulating all these events, Madam, I wanted to tellthis House that where there is a will there is a way.

I have not found a single Member in this House, who has in principle opposed the Bill. Tf somebody says, as Shri Hayat Ulla Ansari Saheb has said, that right of recall is not there, I find that it is there in the constitutions of many countries, and the *modus operandi* is given in them. But if the Law Minister comes to us with an alternate Bill and says that is a foolproof Bill which he is bringing to the House, it will be all right, we will accept that Bill.

In this connection, Madam, the Law Minister, Mr. Shiv Shankar, had also promised this House that he would come with a legislation. But 1 do not want to go into that because I was not a Member of this House then. But the day I took oath, I remember, that is the 26th of April, 1982, when I became a Member of this House, I spoke on the Ministry of Law. Shri Shridhar Wasudeo Dhabe had asked, "What about election laws including defection laws?" Here is what Wt. *Jagannath Kaushal has* said, and I quote:

> "With regard to the election laVs, this matter has been discussed in

[Shri Ghulam Rasool Matto]e

this House over and over again. The various suggestions which have been made by the Election Commission as weira$_s$ by other bodies, have [a^] been formulated by the La$_w$ Ministry. The Law Ministry has gone to the Cabinet, and the Cabinet has sent it over to a Sub-Committee of the Cabinet. Again I assure the House that we will try t$_0$ see that ther$_e$ is a decision of th$_e$ Cabinet Sub-Committee on these points."

This is on the 26th of April, 1982, that the Law Minister gave this promise to this House. One year and six months have passed by, but this promise ha$_s$ not been fulfilled. I would request the hon. Law Minister who is sitting here before me that he should redeem this pledge. This is rh$_e$ need of the hour. We do not want these Aya Rams and Gaya Rams. We want a healthy democracy. We want that these who have been elected on a particular ticket, on a particular policy, to retain that, or i$_n$ case they want to defect to another party, resign their seat$_s$ and then get re-elected on their own programmes. I would request him very kindly to look into the proceedings of this House, look to the sense of the country as a whole and com$_e$ forward and redeem his own pledge which he made on the 26th of April, 1982 and come out with a Bill so that the spirit of Mr. Jha's Bill is fulfilled. Till such time, I have no alternative but to support the Bill *jf Mr. Shiva Chandra Jha. Thank you.

श्री राम नरेश कुशवाहा (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, [उपसभाध्यक्ष महोदय] मैं झा साहब के बिल की भावना का तो समर्थन करता हूं लेकिन जिस तरह से बिल है, झा साहब यहां हैं नहीं, लेकिन कोई भी गुंडा किसी भी लोक सभा या विधान सभा के सदस्य को तीन दिन में वापस कर लेगा, आप सहमत रहें । मैं गया था, समस्तीपुर के चुनाव ।

वहां एक विधायक हैं, मुझे इस समय उनका नाम नहीं मालूम । उनको महोबिया कहते हैं । समस्तीपुर के चुनाव में नारा लग रहा था . .

एक माननीय सदस्य : झा साहब आ गये ।

श्री राम नरेश कुशवाहा : झा साहब जानते होंगे महोबिया को । अगर आप लोक सभा में होते तो महोबिया साहब का तीन दिन में वापस बुला लेते । समस्तीपुर में नारा लग रहा था कि वीर महोबिया क्रम-क्राम, मुहर लगेगी धड़ाम धड़ाम, दिन तुम्हारा रात हमारी वोट तुम्हारा टबू हमारा ।" शायद आप इसका मतलब भी समझ गये होंगे लेकिन फिर भी जरा बता दूं. (**व्यवधान**) . .बता रहा हूं । अगर आप लोक सभा में होते तो शायद आपको रात भर में वापस बुला लेते और आप ये बात नहीं करते ।

उसका मतलब है कि वीर महोबिया की क्राईम की जिंदगी आबाद रहे क्योंकि अगर वे अपराध करते रहेंगे तो मुहर धड़ाम धड़ाम हमारे पक्ष में लगेगी । दिन तो आप लोगों का है और रात है महोबिया की । दिन भर जो चाहे कर लो रात को हम चाहेंगे वही करेंगे ,दिन तुम्हारा रात हमारी । वोट आपके पास जरूर है लेकिन बूट हमारे पास है । इसलिये जो हमारा मन करेगा हम वही करेंगे . . . (व्यवधान)

श्री (मौलाना) असरारुल हक : चौधरी चरण सिंह . . .

श्री राम नरेश कुशवाहा : जो सावन में अंधा होता है तो उसको वैशाख में भी हरा दिखाई पड़ता है । उसे लगता

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

है कि चारों ओर हरा ही हरा है । यही हालत मौलाना साहब की है कि कोई भी बात हो उसमें उन्हें चौधरी चरणसिंह दिखाई देते हैं । मुझे इसमें कोई एतराज नहीं है । भूत वह है जो सिर पर चढ़कर बोले । अगर चौधरी चरण सिंह का भूत उनके सिर पर सवार है तो मुझे खुशी है ।

श्री (मौलाना) असरारुल हक : मेरे साथ श्री बी० पी० मौर्य भी थे .. (व्यवधान).. रास्ता बन्द कर दिया और दो घंटे हम खड़े रहे । गोली मार देते वे लोग. . . (व्यवधान) . .

مہرے ساتھ شری بی - پی - موریہ بھی تھے ... (مداخلت) راستہ بند کر دیا اور دو گھنٹہ ہم کھڑے رہے - گولی مار دیتے وہ لوگ. . .(مداخلت)]

†[شری (مولانا) اسرار الحق :

श्री राम नरेश कुशवाह : आपकी बातों का जवाब मैं नहीं देना चाहता।

श्री (मोलाना) असरारुल हक : श्री मौर्य जी यहां नहीं हैं । वह भी थे । चौधरी चरण सिंह इस तरह इलेक्शन लड़ते हैं ।

شری موریہ جی یہاں نہیں ہیں - وہ بھی تھے - چودھری چرن سنگھ اس طرح الیکشن لوتے ہیں -]

†[شری سید رحمت علی (آندھرا

श्री राम नरेश कुशवाह : मैं यह कहना चाहता हूं कि यह तो बंदर के हाथ में छुरी देना है । जो प्रवृत्ति आज पनप रही है. . (व्यवधान) . . . जो गुंडे हैं, जो प्रवृत्ति इस देश में बढ़ रही है, उस गुंडई प्रवृत्ति के कारण राइट टू रिकाल देना इस देश में खतरे से खाली नहीं है । केवल गुंडा ही ऐसा हो सकता है जिसके खिलाफ राइट टू रिकाल का उपयोग नहीं होगा और भले आदमी के खिलाफ कोई भी गुंडा जाकर गांव गांव के लोगों के दस्तखत करवा लेगा, कांस्टिट्युयेंसी-कांस्टिट्युयेंसी में जाकर दस्तखत करा लेगा और आप को वापस बुला लेगा । उनकी भावना का मैं समर्थन करता हूं लेकिन मैं एक बात आपसे निवेदन कर दूं कि यह काम तो बहुत मामूली कानून में हेर-फेर कर के भी हो सकता है । पीपल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट में एक प्रावधान जोड़ दीजिए कि जिस सिम्बल पर जो चुनाव लाता है अगर वह उस दल को छोड़ता है तो उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी जो दल बदल का खतरा है दल-बदल के खतरे को इस तरह से तत्काल समाप्त किया जा सकता है । एक बात मैं कहूंगा कि दल-बदल जो होता है वह क्यों होता है ? वह इसलिए कि हमारी दृष्टि में कोई सिद्धान्त ही नहीं रह गया है । आज कोई पार्टी का मेम्बर बनता है तो वह यह सोच कर के बनता है कि हम को टिकट चाहिये और अगर टिकट नहीं मिलता है तो जहां उसको टिकट मिलता है वहां जाएगा और अगर टिकट मिल गया और वह विधायक बन गया तो उसको मंत्री बनना चाहिये जहां मंत्री बन गया तो वह सोचता कि अब मुख्य मंत्री बनना चाहिये और यदि मुख्य मंत्री बन गया तो सोचता है कि प्रधान मंत्री बनना चाहिये। चाहे वह प्रधान मंत्री बने या न बने, यह एक दूसरी बात है

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

तो यह राजनीतिक माहौल हम लोगों ने स्थापित किया है और हम लोगों ने अनैतिक आचरण राजनीति मे पैदा किया है । उसी का यह फल है और उस फल को समाप्त करने के लिए मैं वही सुझाव फिर दे रहा हूं कि आप पीपल्ज रिप्रेजेंटेशन एक्ट में संशोधन कीजिये और जो जस सिम्बल पर चुनाव लड़ा है वह उस दल को जब छोड़ कर जाता है तो बिना कसी दूसरे कारण के उसकी सदस्यता अपने आप समाप्त हो जाए । यह क्यों होता है ? राजनीति में तीन तरह के लोग होते हैं । कुछ लोग हैं जो सन् 1948 के पहले के हैं, आजादी की लड़ाई में जिन्होंने हिस्सा लिया ह, जिन लोगों ने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया है वे आज की राजनीति के लिए अप्रसंगिक से हो गये हैं क्योंकि वे कभी यह नहीं सोचते थे कि हम एम० एल० ए०, एम०पी० या मिनिस्टर बनेंगे, प्रधान मंत्री बनेंगे उनके सामने तो देश की आजादी की लड़ाई थी । उसके बाद जो लोग आए हैं उसमे तीन तरह के लोग हैं । कुछ तो किसी पार्टी की नीति, कार्यक्रमों और सिद्धान्तों से प्रेरित हो कर आए हैं । कुछ लोग ऐसे आए हैं जिनके सामने कई सिद्धान्त नहीं है उनके सामने केवल पद और प्रतिष्ठा हैं । जहां मिले वहां जाएगे और कुछ लोग वे जैसे हैं जो शौकिया राजनीति करते हैं डाक्टर हैं, वकील हैं, मास्टर हैं । राजनीति पर बहस करते हैं और जरूरत पड़ी तो चुनाव भी लड़ लेंगे । नहीं तो कोई बात नहीं । तो यह जो पहला वर्ग है यह नीति, कार्यक्रम और वक्तव्य को ही समझ कर आता है राजनीति में । इनकी संख्या जो मैं समझता हूं, पूरे जो भी दल हैं उसमें एक बटा छः के आसपास है, उससे कम नहीं है । अगर इनकी संख्या आधे से अधिक हो जाती है तो तब तो राजनीति में कुछ समीकरण बन सकता है । राजनीति की सफाई होगी । नहीं तो आगे क्या होगा, इस देश में हम लोग क्या बना रहे हैं, क्या होने वाला है, यह भगवान ही जानता है । नहीं तो समय बतायेगा । इसलिये मेरा आप से अनुरोध है, झा जी से कहूंगा कि किसी भी एम० एल० ए० और एम० पी० को कोई भी गुण्डा तीन दिन में दस्तखत करा करके वापिस करवा लेगा । इसलिये इस तरह का खतरनाक हथियार गुण्डों के हाथ में मत दीजिये और भले आदमी ही लौटाए जायेंगे । गुण्डे हमारे लें या हम ही गुण्डागर्दी करने लगे तो हमारे खिलाफ दस्तखत कोई नहीं करेगा लेकिन भले आदमियों के खिलाफ, दस्तखत होंगे, अगर किसी गुण्डे के खिलाफ चोर डाकू के खिलाफ आवाज उठाते हैं अगर उसको बड़े-बड़े लोगों का संरक्षण प्राप्त है तो निश्चित रूप से आपके खिलाफ दस्तखत करवाएगा आधे से अधिक से नहीं सेंट परसेंट, कराएगा, एक दो परसेंट को छोड़ मर जो राजनीतिक कार्यकर्ता हैं (**व्यवधान**) हां, शिव चन्द्र झा का जरूर होगा भले आदमी का गुजर नहीं होगा राइट टु रिकाल । जैसे कि हम लोगों ने कहा था, 1974 में हम समझते थे कि बड़ा अच्छा है लेकिन आज मैं समझ रहा हूं कि किसी भले आदमी को यह गुण्डे रहने नहीं देंगे पद पर । एक बार चुने जाने के बाद दो महीने भी नहीं रहने देंगे अगर आपने उनका समर्थन नहीं किया । तो राजनीतिक लोगों को गुण्डों का समर्थन प्राप्त करने के लिये और गुण्डों का पृष्ठ पोषण करने के लिये, मजबूर होने के लिये यह विधेयक आप पास न करायें बल्कि इस विधेयक को हटाकर के पीपल्ज रिप्रेजेंटेशन एक्ट में प्रावधान कराएं कि ज्यों ही आदमी पार्टी बदलता है ज्यों-त्यों ही जिस सिम्बल से चुनाव लड़ा है अगर उसको

छोड़ता है तो उसकी सदस्यता समाप्त हो जाए, और इससे दल बदल का भी और झा साहब का जो मकसद है वह पूरा हो जाएगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। जय हिन्द।

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA]: Mr. Dhabe, you have given your name. Would you like to speak or relinquish your right to speak, because you are not sitting in your seat?

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE (Maharashtra): I am coming to my seat, Madam, and I would like to speak.

